# Daily Current Affairs

Date : 09 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत जयपुर के 177 गांवों का चयन |
| 2. | राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव – 2025 |
| 3. | डॉ. हिमांशु भाटिया - हिंदी सेवा पुरस्कार 2025 |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. दृष्टि दीदी : हर गाँव - हर घर<br>2. आठ नए जिलों में विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन<br>3. राजस्थान की तीन खिलाड़ी अंडर-18 एशिया रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयनित<br>4. रंगकर्मी जीतेंद्र शर्मा<br>5. आर्मी कमांडर्स कप |
| 5. | 'डायलॉगनेक्स्ट' सम्मेलन, 2025 : वैश्विक खाद्य सुरक्षा |
| 6. | भारत और इजराइल के मध्य द्विपक्षीय निवेश संधि |
| 7. | जापान के प्रधानमंत्री का इस्तीफा |
| 8. | नेपाल में जेन-Z क्रांति |
| 9. | विशेष अभियान 4.0 की उपलब्धियां और 5.0 की तैयारी |
| 10. | ओफ़ेक-19 (Ofek-19) सैटेलाइट |
| 11. | जुपिटर सुपरकंप्यूटर |
| 12. | भारत की बेरोजगारी दर |
| 13. | विश्व युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2025 |
| 14. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन, 2025<br>2. 'अभ्युदय की ओर' पुस्तक<br>3. विश्व फिजियोथेरेपी दिवस, 2025 : 8 सितंबर<br>4. पसनलाइज़् एडॅप्टिव लर्निंग सॉफ्टवेयर (PAL) : आंध्रप्रदेश<br>5. विश्व ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी दिवस, 2025 : 7 सितंबर |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## ‘आदि कर्मयोगी अभियान’ के तहत जयपुर के 177 गांवों का चयन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जयपुर जिला प्रशासन द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित ‘आदि कर्मयोगी अभियान’ के अंतर्गत जिले के 10 ब्लॉकों के 177 गांवों का चयन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- यह अभियान जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन और अंतिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करने की एक राष्ट्रीय पहल है।
- अभियान के तहत देशभर के जनजाति-बहुल एक लाख गांवों में 20-20 व्यक्तियों को आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी के रूप में चयनित किया जा रहा है।
- **उद्देश्य :** 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, 550 जिलों और 1 लाख गाँवों में बदलाव लाने वाले 20 लाख नेतृत्वकर्ताओं का नेटवर्क तैयार करना।
- **आदि सेवा केंद्र :** ऐसे केंद्र सभी जनजातीय गांवों में स्थापित किए जाएंगे। अधिकारी और समुदाय के सदस्य प्रत्येक पखवाड़े में 1–2 घंटे ‘आदि सेवा समय’ देंगे। इस दौरान स्थानीय समस्याओं का समाधान और युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा तथा वे शासन में सहयोग भी करेंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **यह अभियान 'जनजातीय गौरव वर्ष' का हिस्सा है तथा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगा, जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाएगा, उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करेगा और स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देगा।**
- **इस अभियान के माध्यम से 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान', 'पीएम-जनमन' और 'सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन' जैसी प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव – 2025

## चर्चा में क्यों?

- 8 सितंबर, 2025 को बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में एक दिवसीय 'राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव–2025' का आयोजन किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक विभाग :** कृषि विपणन विभाग।
- मुख्यमंत्री द्वारा कृषि उपज मंडी समिति आंगणवा, जोधपुर और कृषि उपज मंडी यार्ड सोहेला, टोंक के इन्क्यूबेंशन सेंटर का वर्चुअल लोकार्पण किया गया।
- सोनवा, टोंक के फूड पार्क का भी वर्चुअल लोकार्पण किया गया।
- वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान जीरा उत्पादन में देश में पहले, मैथी एवं सौंफ उत्पादन में दूसरे और धनिया एवं अजवाइन उत्पादन में तीसरे स्थान पर है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- केंद्र सरकार द्वारा मसाला उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर' विकसित किये जा रहे हैं। राजस्थान में भी इस योजना के तहत आठ इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इन इन्क्यूबेंशन सेंटर्स में कृषि उपज की जांच, छंटाई, ग्रेडिंग, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और ODOP उपज के लिए प्रसंस्करण सुविधा मिल सकेगी, जिससे वे अपने प्रसंस्कृत उत्पादों को उचित मूल्य पर बाजार में बेच पाएंगे।
- प्रसंस्करणकर्ताओं को एक ही स्थान पर प्रसंस्करण से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों के 39 स्थानों पर फूड पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **राज-स्पाइस ऐप का लोकार्पण :** 'राज–स्पाइस' राज्य के मसाला उत्पादक किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करणकर्ताओं, निर्यातकों एवं अन्य मसाला हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर जोड़ने हेतु राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड द्वारा विकसित किया गया एक ऐप है।
- **ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट :** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान में कृषि प्रसंस्करण एवं आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और निवेशकों के प्रोत्साहन हेतु वर्ष 2026 की शुरुआत में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट' का आयोजन किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डॉ. हिमांशु भाटिया - हिंदी सेवा पुरस्कार 2025

## चर्चा में क्यों?

- **बीकानेर की डॉ. हिमांशु भाटिया को भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की ओर से 'हिंदी सेवा पुरस्कार-2025' दिए जाने की घोषणा की गई।**

## मुख्य बिन्दु:

- **राज्य सरकार द्वारा गठित चयन समिति द्वारा डॉ. हिमांशु भाटिया की चिकित्सा विज्ञान एवं स्वास्थ्य (भारतीय चिकित्सा पद्धति सहित) पर लिखित पुस्तक सेरेबल पाल्सी चिकित्सकीय पक्ष एवं दिव्यांग व्यथा, कथा और कानून के लिये पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया।**
- **डॉ. हिमांशु भाटिया वर्तमान में जिला कलक्टर कार्यालय, बीकानेर में उपविधि परामर्शी पद पर कार्यरत हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **दृष्टि दीदी : हर गाँव - हर घर**<br>■ हाल ही में, राजीविका एवं लेंसकार्ट फाउंडेशन के मध्य एक समझौते के तहत 'दृष्टि दीदी हर गाँव - हर घर' अभियान का शुभारंभ किया गया।<br>■ उद्देश्य : ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ और किफायती नेत्र देखभाल सेवाएँ पहुँचाना। |
| 2. | **आठ नए जिलों में विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन**<br>■ हाल ही में, राज्य सरकार ने राजस्थान हाईकोर्ट के परामर्श के बाद प्रदेश में नवगठित आठ जिलों में विधिक सेवा प्राधिकरण के गठन को स्वीकृति प्रदान की। |
| 3. | **राजस्थान की तीन खिलाड़ी अंडर-18 एशिया रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयनित**<br>■ राजस्थान की तीन खिलाड़ियों; मुस्कान पिपलोद, विजयश्री और सुशीला खोथ का चयन अंडर-18 एशिया रग्बी प्रतियोगिता के लिए हुआ।<br>■ रग्बी एशिया कप-2025 का आयोजन 13 और 14 सितंबर, 2025 को चीन के होहोट में होगा। |
| 4. | **रंगकर्मी जीतेंद्र शर्मा**<br>■ जयपुर के रंगकर्मी जीतेंद्र शर्मा ने 'मिस्टर भारत-2025' का टाइटल अपने नाम किया। |
| 5. | **आर्मी कमांडर्स कप**<br>■ हाल ही में, जयपुर में खेले गए 'आर्मी कमांडर्स कप' के फाइनल में कोग्निवेरा स्टैलियंस टीम ने थंडरबोल्ट पोलो टीम को ढाई गोल के मुकाबले 8 गोल से हराकर खिताब जीता। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## ‘डायलॉगनेक्स्ट’ सम्मेलन, 2025 : वैश्विक खाद्य सुरक्षा




### चर्चा में क्यों?

- 8 से 9 सिंतबर, 2025 तक वैश्विक खाद्य सुरक्षा के संबंध में ‘डायलॉगनेक्स्ट’ सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** कन्वेंशन सेंटर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।
- **उद्देश्य :** विश्व के खाद्य भविष्य को सुरक्षित करने हेतु महत्वपूर्ण नवाचारों की खोज करना और उन्हें गति प्रदान करना।
- **आयोजक :** वर्ल्ड फ़ूड प्राइज़ फाउंडेशन।
- **सहयोग :** अंतर्राष्ट्रीय मक्का एवं गेहूँ सुधार केंद्र (CIMMIT), बोरलॉग इंस्टीट्यूट फ़ॉर साउथ एशिया (BISA) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)।
- **वर्ष 2025 :** डायलॉगनेक्स्ट की थीम : "किसानों तक पहुँचाएँ"।
- **प्रमुख सत्र :** किसान-केन्द्रित नवाचार, लघु-उत्पादक फसलों, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, पोषण एवं खाद्य प्रणालियों, मूल्य श्रृंखलाओं तथा अगली पीढ़ी की कृषि सफलताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।
- डायलॉगनेक्स्ट इन इंडिया, हरित क्रांति के जनक और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता डॉ. नॉर्मन बोरलॉग की विरासत को पुनर्जीवित करने वाली त्रिभागीय वैश्विक श्रृंखला का दूसरा भाग है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह संवाद 21 से 23 अक्टूबर, 2025 को डेस मोइनेस, लोवा में आयोजित होने वाले नॉर्मन ई. बोरलॉग अंतर्राष्ट्रीय संवाद की दिशा में गति प्रदान करेगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस, 2025 : 7 जून**


- **विषय :** "फूड सेफ्टी: साइंस इन एक्शन"

**भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) :**

- **स्थापना :** खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (FSS Act, 2006) के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
- **अधीन :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली (आठ क्षेत्रीय कार्यालय)।
- **कार्य :** खाद्य विनियम बनाना, खाद्य व्यवसायों को लाइसेंस प्रदान करना, खाद्य सुदृढ़ीकरण और जैविक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना, खाद्य सुरक्षा कानूनों को लागू करना, खाद्य गुणवत्ता की निगरानी करना, जोखिम आकलन करना तथा प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रदान करना।
- **भारतीय संविधान में खाद्य सुरक्षा के प्रावधान :** अनुच्छेद 21 (भोजन का अधिकार), अनुच्छेद 39(a) और 47 (राज्य को पर्याप्त आजीविका, पोषण और जीवन स्तर सुनिश्चित करने हेतु बाध्य करता है।)
- **वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक (GFSI), 2025 :** वर्ष 1996 के विश्व खाद्य शिखर सम्मेलन पर आधारित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रमुख तीन स्तंभों पर केंद्रित :




### वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक में शीर्ष देश :

| रैंक | देश | वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक (GFSI) |
|---|---|---|
| 1st | फिनलैंड | 83.7 |
| 2nd | आयरलैंड | 81.7 |
| 3rd | नॉर्वे | 80.5 |

- **'विश्व में खाद्य एवं पोषण की स्थिति' (SOFI) 2025 : जारी : संयुक्त राष्ट्र द्वारा।**
- **पाँच संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा निर्मित: खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (FAD), संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF ), विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP), और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)।**
- **वर्ष 2024 में भारत में पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में वेस्टिंग (Wasting) की दर वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक रहने की आशंका है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत और इजराइल के मध्य द्विपक्षीय निवेश संधि

### चर्चा में क्यों?

- 8 से 10 सितंबर, 2025 तक इज़राइल के वित्त मंत्री बेज़ेलेल स्मोट्रिच तीन दिवसीय भारत यात्रा कर रहें हैं।



### मुख्य बिन्दु:

#### द्विपक्षीय निवेश समझौता:

- केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और इज़राइल के वित्त मंत्री बेज़ेलेल स्मोट्रिच ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते से निवेश को बढ़ावा, निवेशकों के लिए अधिक निश्चितता और सुरक्षा और मध्यस्थता के माध्यम से एक स्वतंत्र विवाद समाधान तंत्र सुनिश्चित करके व्यापार और पारस्परिक निवेश को बढ़ावा मिलने की संभावना हैं।
- इस समझौते से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश में वृद्धि होगी, जो वर्तमान में कुल 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **भारत को इजरायल से प्राप्त प्रत्यक्ष विदेशी निवेश :** अप्रैल, 2000 से जून, 2024 के दौरान भारत को इजरायल से 33.77 करोड़ डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्राप्त हुआ है।
- **भारत और इजरायल के मध्य द्विपक्षीय व्यापार :** प्रतिवर्ष लगभग 4 अरब डॉलर।

## इज़रायल :




- इज़रायल ने "ऑपरेशन राइजिंग लायन" के तहत ईरान के परमाणु और सैन्य स्थलों पर हवाई हमले एवं ड्रोन हमले किये, जिनमें तेहरान, नतांज यूरेनियम संवर्धन सुविधा, एक परमाणु अनुसंधान केंद्र, तबरीज़ में दो सैन्य अड्डे तथा केरमानशाह में एक भूमिगत मिसाइल भंडारण स्थल शामिल थे।
- जवाबी कार्रवाई में, ईरान ने "ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3" के तहत इज़राइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया, जिससे येरुशलम और तेल अवीव में विस्फोट हुए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## जापान के प्रधानमंत्री का इस्तीफा

### चर्चा में क्यों?

- जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने एक वर्ष से भी कम समय तक पद पर रहने के बाद 7 सितंबर, 2025 को इस्तीफा दे दिया।
- उनके इस्तीफे के बाद सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को चुनावों में भारी झटका लगा, जिसके नेतृत्व से भी उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

### मुख्य बिन्दु:

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**जापान :**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राजधानी :** टोक्यो, दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले और आधुनिक शहरों में से एक।
- **द्वीप :** जापान में चार मुख्य द्वीप हैं - होन्शू (सबसे बड़ा), होक्काइडो, क्यूशू और शिकोकू और अन्य छोटे द्वीप : रयूकू, इजू, बोनिन और ज्वालामुखी द्वीप।
- **सर्वोच्च चोटी :** माउंट फ़ूजी।
- जापान "रिंग ऑफ फायर" पर स्थित हैं जो भूकंप, सुनामी और ज्वालामुखी विस्फोटों आदि के कारण चर्चा में बना रहता हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नेपाल में जेन-Z क्रांति

## चर्चा में क्यों?

- 9 सितंबर, 2025 को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नेपाल की जेनरेशन-जेड (जेन-Z) क्रांति के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- हाल ही में, नेपाल ने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम समेत 26 अपंजीकृत सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाया था।
- **कारण :** नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने अदालत की अवमानना के एक मामले की सुनवाई करते हुए सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि नेपाल में कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बिना औपचारिक पंजीकरण के संचालित न हो।

**जेनरेशन-जेड (जेन-Z) आंदोलन के कारण :**

1. **नेपोटिज्म:** भाई-भतीजावाद (नेपोटिज्म), भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी आदि।
   - फिलीपींस, इंडोनेशिया का 'नेपो बेबी' कैंपेन नेपाल में भी सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा।
   - सरकार ने प्रतिबंध लगाया तो जेन-जी ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश माना।
2. **4 वर्ष में 3 बड़े घोटाले :** गिरी बंधु भूमि स्वैप घोटाला, 2021, ओरिएंटल कोऑपरेटिव घोटाला, 2023 और कोऑपरेटिव घोटाला, 2024 आदि।
3. **राजनीतिक अस्थिरता :** जुलाई, 2021 में शेर बहादुर देउबा, दिसंबर, 2022 में प्रचंड और जुलाई, 2024 में केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री बने।
4. **बेरोजगारी-आर्थिक असमानता :** बेरोजगारी दर 2019 में 10.39 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 10.71 प्रतिशत हो गई तथा मुद्रास्फीति दर वर्ष 2019 में 4.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 5.2 प्रतिशत हो गई।
5. **वैश्विक दबाव :** नेपाल पर चीन और अमेरिका के प्रभाव के कारण युवाओं को लगता हैं की नेपाल मोहरे जैसा इस्तेमाल हो रहा है।
6. **भारत से बढ़ती दूरी :** ओली सरकार ने लिपुलेख दर्रे को नेपाल के नक्शे में दिखाया गया अतः भारत और नेपाल के संबंध तनावपूर्ण हुए तो नेपाल पर आर्थिक दबाव पड़ा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### नेपाल :

- 4 दिसंबर, 2024 को भारत और नेपाल के मध्य दीर्घकालिक बिजली, व्यापार, सामुदायिक विकास और उपग्रह प्रक्षेपण सहित चार प्रमुख समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### भारत-नेपाल संबंधों के सीमावर्ती मुद्दे :

- कुल 1,800 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल सीमा में कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा (उत्तराखंड में) और सुस्ता (बिहार में) क्षेत्र दोनों देशों के मध्य अनसुलझे हैं।
- वर्ष 1816 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल के बीच हस्ताक्षरित सुगौली संधि के अनुसार, काली नदी के पूर्व का सारा क्षेत्र नेपाल को दे दिया गया।

### आयु के अनुसार विभाजन इस प्रकार है:

| जनरेशन | जन्म | आयु |
|---|---|---|
| बेबी बूमर्स | 1946 और 1964 के मध्य जन्मे | 61 से 79 वर्ष के मध्य |
| जनरेशन एक्स | 1965 और 1979/80 के मध्य जन्मे | 45 से 60 वर्ष के मध्य |
| जेन वाई या मिलेनियल्स | 1981 और 1994/6 के मध्य जन्मे | 29 से 44 वर्ष के मध्य (जनरेशन वाई.1 = 29-33 वर्ष तथा जनरेशन वाई.2 = 33-44 ) |
| जेन जेड | जेन जेड सबसे नई पीढ़ी है, जिसका जन्म 1997 और 2012 के मध्य हुआ। | 13 से 28 वर्ष के मध्य (इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में जन्मी) |
| जनरेशन ए/ जनरेशन अल्फा | 2012 और 2024 के मध्य जन्मे | 0 से 13 वर्ष के मध्य |
| जनरेशन बी/ जनरेशन बीटा | 2025 में पैदा हुए बच्चों से शुरू होती है और 2039 तक जारी रहेगी। | यह वैश्विक जनसंख्या का 16% हिस्सा बन जाएँगे और उनमें से कई 22 वीं सदी तक जीवित रहेंगे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## विशेष अभियान 4.0 की उपलब्धियां और 5.0 की तैयारी

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार ने 2 से 31 अक्टूबर 2025 तक विशेष अभियान 5.0 शुरू करने की घोषणा की है, जिसका केन्द्र बिन्दु (फोकस) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के ई-कचरा प्रबंधन नियम वर्ष 2022 के अनुसार उत्पन्न ई-कचरे के निपटान, स्थान प्रबंधन और क्षेत्र कार्यालयों के कार्य स्थल के अनुभव को बढ़ाने पर होगा।

|  |  |  |
|---|---|---|
| AI बिन्स, CIL | अपशिष्ट से कला, CMPDI | अपशिष्ट से कला, BCCL |

### मुख्य बिन्दु:

**विशेष अभियान 4.0 :**

- 2 अक्टूबर, 2024 से 31 अगस्त, 2025 तक आयोजित विशेष अभियान 4.0 ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक उच्च मानदंड स्थापित किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) की रिपोर्ट के अनुसार, कोयला मंत्रालय के सभी मंत्रालयों/विभागों के बीच विशेष अभियान 4.0 के दौरान रिक्त और स्वच्छ करने की श्रेणी में प्रथम और अर्जित राजस्व में चौथे स्थान पर रहा।

**अभिनव पहल (विशेष अभियान 4.0)**

- **AI बिन:** नवीन पहलों में कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) द्वारा प्रभावी अपशिष्ट पृथक्करण और प्लास्टिक बोतल निपटान के लिए AI बिन स्थापित किया गया।
- **गोल्डन डियर और फॉन की मूर्ति :** अपशिष्ट से कला के क्षेत्र में CMPDIL ने अपशिष्ट पदार्थों से "गोल्डन डियर और फॉन" मूर्ति बनाई।
- **नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) ने धनबाद में स्क्रैप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 7 फुट की मूर्ति का निर्माण किया।
- कुशल प्रबंधन के अंतर्गत BCCL ने एक अप्रयुक्त क्षेत्र को टेबल टेनिस कोर्ट में बदल दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## ओफ़ेक-19 (Ofek-19) सैटेलाइट

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, इज़राइल ने पालमाचिम एयरबेस से अपने नवीनतम जासूसी उपग्रह को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया।



### मुख्य बिन्दु:

- **उपग्रह का निर्माण :** सरकारी इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज।
- ओफ़ेक 19 एक अत्यधिक उन्नत SAR (सिंथेटिक अपर्चर रडार) निगरानी उपग्रह है।
- **कार्य :** SAR तकनीक राडार सिग्नल भेजती है और उनकी ध्वनि को पढ़कर बहुत साफ और डिटेल्ड तस्वीरें बनाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य : ईरान, सीरिया और हिजबुल्लाह पर निगरानी: यह उपग्रह विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम, सीरियाई सेना की गतिविधियों और लेबनान स्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह जैसे खतरों पर लगातार निगरानी करना।**

**विशेषताएं :**

1. **यह बादल, कोहरा, बारिश और अंधेरे जैसी हर स्थिति में लगातार निगरानी कर सकता है।**
2. **24×7 ऑल-वेदर निगरानी : पारंपरिक उपग्रहों की तुलना में SAR तकनीक रडार तरंगों के माध्यम से ज़मीन की छवि तैयार कर सकता है।**
3. **उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग : यह उपग्रह ज़मीन पर मौजूद वस्तुओं, सैन्य ढांचे, वाहनों की आवाजाही और निर्माण गतिविधियों की अत्यंत सूक्ष्मता से निगरानी कर सकता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जुपिटर सुपरकंप्यूटर

## चर्चा में क्यों?

- सुपरकंप्यूटर जुपिटर यूरोप का पहला एक्सास्केल सुपरकंप्यूटर है।




## मुख्य बिन्दु:

- **मेजबान संस्थान:** जुपिटर जर्मनी में जूलिच सुपरकंप्यूटिंग सेंटर (जेएससी) में स्थित है।
- **महत्व:** यह यूरोप का पहला एक्सास्केल सुपरकंप्यूटर है। अर्थात् यह एक क्विंटिलियन से भी ज़्यादा कार्य कर सकता है। $10^{18}$ गणना प्रति सेकंड की दर से की जा सकती है, जो इसे विश्व के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटरों के समकक्ष रखती है।
- **रैंकिंग:** जून 2025 में, जुपिटर को यूरोप में सबसे तेज सुपरकंप्यूटर और दुनिया भर में चौथा सबसे तेज सुपरकंप्यूटर का दर्जा दिया गया।
- जुपिटर 100% नवीकरणीय ऊर्जा पर चलता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत का राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम)

- **उद्देश्य: 2015 में शुरू किए गए एनएसएम का लक्ष्य देश भर में 70 से अधिक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग सुविधाओं के साथ एक सुपरकंप्यूटिंग बुनियादी ढांचा तैयार करना है।**

### प्रमुख परियोजनाएँ:

- **परम श्रृंखला: भारत के स्वदेशी सुपर कंप्यूटरों की श्रृंखला, जिसके उल्लेखनीय उदाहरणों में परम 8000 (भारत का पहला, 1991), परम सिद्धि-एआई और परम रुद्र शामिल हैं।**
- **ऐरावत: सी-डैक, पुणे में स्थापित एक एआई सुपरकंप्यूटर, जो 2023 में विश्व में 75वें स्थान पर होगा।**
- **परम प्रवेग: एनएसएम के अंतर्गत भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु में स्थापित।**
- **राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन): सुपरकंप्यूटिंग ग्रिड एनकेएन के माध्यम से जुड़ा हुआ है, जो शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के लिए उच्च गति नेटवर्क प्रदान करता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## भारत की बेरोजगारी दर

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री द्वारा विश्व आर्थिक मंच की 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' का हवाला देते हुए स्पष्ट किया हैं की भारत की बेरोजगारी दर 2 प्रतिशत है, जो G-20 देशों में सबसे कम है।




### मुख्य बिन्दु:

- 8 सितंबर, 2025 को नई दिल्ली में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और 'मेंटर टुगेदर' एवं 'क्विकर' के मध्य राष्ट्रीय करियर सेवा (NCS) पोर्टल पर युवाओं की रोजगार क्षमता और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- पिछले एक साल में, मंत्रालय ने अमेजन और स्विगी सहित दस प्रमुख संगठनों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और अवसर प्रदान करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपए के कुल बजट वाली पांच प्रमुख योजनाओं के पैकेज की घोषणा की गई थी।
- इस पैकेज के तहत् प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) की शुरुआत की गई हैं, इसका उद्देश्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से ज्यादा रोजगारों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**भारत में रोज़गार की स्थिति :**

- **स्व-रोजगार :** 52.2% से बढ़कर 58.4% हो गया।
- **आकस्मिक श्रम :** 24.9% से घटकर 19.8% हो गया।
- **LFPR:** श्रम बल भागीदारी दर 49.8% (2017-18) से बढ़कर 60.1% (2023-24) हो गई।
- **WPR:** श्रमिक-जनसंख्या अनुपात 46.8% से बढ़कर 58.2% हो गया।
- **युवा बेरोजगारी दर :** 17.8% (2017-18) से घटकर 10.2% (2023-24) हो गई।

**प्रौद्योगिकियों के कारण भारत में रोज़गार की चुनौतियाँ :**

1. **कौशल की कमी :** AI, साइबर सुरक्षा और डेटा साइंस में विशेषज्ञता की आवश्यकता होती हैं जिससे रोज़गार की आवश्यकताओं और उपलब्ध प्रतिभा के मध्य अंतर देखने को मिलता है।
2. **असमान प्रौद्योगिकी वितरण :** नवीन प्रौद्योगिकियों के वितरण और अपनाने के मामले में शहरी क्षेत्र में की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र पिछड़े हैं जिसके कारण रोज़गार के अवसरों और आर्थिक विकास में असमानताएँ उत्पन्न हो रही हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. **रोज़गार विस्थापन :** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, विनिर्माण एवं सेवा जैसे क्षेत्रों में दोहराव वाले कार्यों का स्वचालन हो रहा है, जिसके कारण संभावित रूप से रोज़गार का विस्थापन हो रहा है।
4. **अनौपचारिक क्षेत्र की चुनौतियाँ :** अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक, भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, इन श्रमिको को प्रशिक्षण और शिक्षा तक पहुँच की कमी के कारण प्रौद्योगिकी-संचालित नौकरियों में बदलाव करना कठिन हो सकता है। (90% रोज़गार अनौपचारिक हैं।)
5. **गिग अर्थव्यवस्था :** प्लेटफ़ॉर्म श्रमिकों के लिए आय और सामाजिक सुरक्षा का अभाव।
6. **परंपरागत कृषि पर निर्भरता :** कृषि अभी भी कार्यबल के एक बड़े हिस्से को रोजगार देती है, जो लगभग 46.6 प्रतिशत है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## विश्व युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, कनाडा में आयोजित विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप, 2025 में भारत ने कुल 8 पदक हासिल किए।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** विश्व तीरंदाजी (WA), लुसाने, स्विट्जरलैंड।
- **आयोजन :** विन्निपेग, कनाडा (द्विवार्षिक)।
- **संस्करण :** 19वाँ (द्विवार्षिक आयोजन)।
- **भागीदार देश :** 63 देशों के कुल 570 शीर्ष युवा तीरंदाजों मे मध्य प्रतिस्पर्धा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### पदक तालिका :

| रैंक | देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1st | दक्षिण कोरिया | 7 | 6 | 4 | 17 |
| 2nd | भारत | 4 | 2 | 2 | 8 |
| 3rd | USA | 4 | 2 | 0 | 6 |

- **भारत का प्रदर्शन :** 8 पदक (4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य)।

| स्पर्धा | तीरंदाज | पदक |
|---|---|---|
| कंपाउंड अंडर-21 महिला व्यक्तिगत | चिकिता तनीपर्थी | स्वर्ण |
| कंपाउंड अंडर-21 पुरुष टीम | कुशाल दलाल, मिहिर नितिन, गणेश मणिरत्नम | स्वर्ण |
| रिकर्व अंडर -18 महिला व्यक्तिगत | शरवरी सोमनाथ शेंडे | स्वर्ण |
| कंपाउंड अंडर -18 पुरुष टीम | मोहित डागर, योगेश जोशी, देवांश सिंह | स्वर्ण |

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **20 वीं विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप, 2027 :** तुर्की के अंताल्या में आयोजित की जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन, 2025**<br><br>■ **उद्घाटन :** 8 सितंबर, 2025<br>■ **उद्घाटन सत्र का विषय :** "वैश्विक प्रगति के लिए अंतरिक्ष का उपयोग: नवाचार, नीति और विकास"।<br>■ **आयोजक :** भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)।<br>■ **विजन :** 2040 तक चंद्र मिशन, 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-5 चंद्र मिशन<br>■ वर्तमान में प्रक्षेपण यान, उपग्रह और भू-प्रणाली जैसे क्षेत्रों में 300 से ज़्यादा स्टार्टअप सक्रिय हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## 'अभ्युदय की ओर' पुस्तक



- राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को अपने एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुस्तक 'अभ्युदय की ओर' की प्रति भेंट की।
- राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने अपने एक वर्ष का कार्यकाल आदिवासी, जनजाति और गांव गरीब के लोगों को समर्पित किया है।
- "अभ्युदय की ओर" का अर्थ है, सर्व कल्याण, सबकी उन्नति, सबके समान उत्थान के लिए कार्य।

**3.**

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस, 2025 : 8 सितंबर




- **घोषणा :** वर्ल्ड फिजियोथेरेपी संगठन द्वारा वर्ष 1996 में की गई थी।
- **कारण :** वर्ष 1951 में विश्व फिजियोथेरेपी की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की थीम :** "स्वस्थ उम्र बढ़ना"।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

4.

## पसनलाइज़् एडॅप्टिव लर्निंग सॉफ्टवेयर (PAL) : आंध्रप्रदेश




- 8 सितंबर, 2025 को नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री माइकल क्रेमर सहित शोधकर्ताओं ने आंध्र प्रदेश के व्यक्तिगत अनुकूली शिक्षण (PAL) मॉडल के एक स्वतंत्र अध्ययन में पाया है कि PAL का उपयोग करने वाले छात्रों ने इस सॉफ्टवेयर की सहायता से गणितीय अवधारणाओं को व्यक्तिगत सीखने के स्तर को बढ़ाने के लिए अनुकूलित किया।
- अध्ययन से ज्ञात होता हैं की कक्षा 7 से 9 तक के जिन छात्रों ने दो शैक्षणिक वर्षों (लगभग 17 महीने) में PAL कार्यक्रम प्राप्त किया उन्होंने सॉफ़्टवेयर का उपयोग न करने वाले छात्रों की तुलना में लगभग दोगुनी गति से सीखा हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**5.** **विश्व ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी दिवस, 2025 : 7 सितंबर**




- **आयोजन :** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रति वर्ष 7 सितंबर को विश्व ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी दिवस का आयोजन करता है।
- **वर्ष 2025 का विषय:** "परिवार: देखभाल का केंद्र।"
- **ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (DMD) :** एक दुर्लभ और क्रमिक रूप से बढ़ने वाली बीमारी है, जो मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमज़ोर कर गतिशीलता, श्वास और हृदय की कार्यप्रणाली को प्रभावित करती हैं।
- इस स्थिति से प्रभावित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए समय पर हस्तक्षेप, जागरूकता, शिक्षा और सामाजिक समावेश आवश्यक है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR